पाकिस्तान से परमाणु खतरा

1635. **श्री लालजी राम अग्रवाल :**

श्री प्रमोद महाजन :

श्री वी० नारायणस्वामी :

क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस तथ्य की जानकारी है कि पाकिस्तान ने परमाणु शस्त्रों के निर्माण की क्षमता प्राप्त कर ली है ;

(ख) यदि हां, तो इस परिप्रेक्ष्य में सरकार की परमाणु नीति क्या है ;

(ग) क्या सरकार शान्तिपूर्ण प्रयोजनों के लिए अपनी परमाणु क्षमता के इस्तेमाल के साथ-साथ रक्षा प्रयोजनों के लिए भी इस क्षमता का विकास करने का विचार रखती है ; और

(घ) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो भारत सरकार अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर परमाणु शस्त्रों के खतरे से अपने को बचाने के लिए किन-किन देशों के साथ सन्धि पर हस्ताक्षर करेगी ?

विदेश मंत्री (श्री माधव सिंह सोलंकी): (क) सरकार को पिछले अनेक वर्षों से पाकिस्तान के नाभिकीय कार्यक्रम के शस्त्रोन्मुखी होने की जानकारी है ।

(ख) से (घ) सरकार नाभिकीय ऊर्जा का शान्तिपूर्ण प्रयोजनों के लिए उपयोग करने पर वचनबद्ध है। तथापि, पड़ौस की गतिविधियों पर विशेष रूप से नजर रखते हुए भारत की सुरक्षा स्थिति की निरन्तर समीक्षा की जाती है और सरकार ऐसे किसी भी भय का सामना करने के लिए सभी आवश्यक उपाय करेगी जिनसे राष्ट्र की सुरक्षा को खतरा पैदा हो सकता हो ।

Supply of Passport Booklets

1636. SHRI MENTAY PADMANABHAM: Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) what steps are being taken by Government to ensure sufficient supply of passport booklets;

(b) what are the reasons for present shortage of these booklets;

(c) what other measures are proposed to be taken to streamline the working of passport offices; and

(d) what are the details of steps being taken to simplify the procedure?

THE MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI MADHAVSINH SOLANKI): (a) The India Security Press has recently stepped up production. Possibility of printing of booklets by private presses to meet additional requirement is also being explored.

(b) The reasons for shortage of booklets are:

(i) unprecedented in increase of 53 per cent in number of fresh passport applications received during 1991; and

(ii) production constraints at the India Security Press, Nasik.

(c) and (d) Passport procedures have been simplified for facilitating expeditious issue of passport services. The details are given in the Statement (Please refer to the Statement appended to USQ 1593).

भारतीय विश्व कार्य परिषद को सहायता

1637. **श्रीमती सत्या बहिन :** क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार द्वारा अब तक भारतीय विश्व कार्य परिषद को कितने धन की